आकाशवाणी केन्द्र शिमला

15.10.2025 / प्रादेशिक समाचार / 9.20 बजे

महासम्मेलन

राज्य बिजली बोर्ड कर्मचारी संघ का आज से शिमला में दो दिवसीय राज्य महासम्मेलन शुरू हो रहा है। महासम्मेलन में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे। संघ के महासचिव हीरा लाल वर्मा ने बताया कि इसमें प्रदेश से हजारों संघ के प्रतिनिधि भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि प्रतिनिधि सत्र भी आयोजित किया जाएगा, जिसमें एक हजार तीन सौ प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे। इसके अलावा संघ के चुनाव की प्रक्रिया शुरू होगी जिसके परिणाम कल 16 अक्तूबर को आएंगे।

सुक्खू

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने स्वास्थ्य विभाग को प्रदेश के अस्पतालों में होने वाले मेडिकल टेस्ट की ऑनलाइन पेमेंट के लिए ऐप विकसित करने के निर्देश दिए हैं। एक सरकारी प्रवक्ता ने शिमला में बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देश के अनुसार स्वास्थ्य विभाग, डिजिटल प्रौद्योगिकी व गवर्नेंस विभाग से समन्वय स्थापित कर एक महीने के भीतर ऐप विकसित करेगा ताकि लोगों को सुलभ व कैशलैस सेवाएं प्राप्त हों। प्रवक्ता ने कहा कि प्रदेश सरकार ने आगामी वर्षों में आधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता और स्वास्थ्य अधोसंरचना के विकास व विस्तार पर 3 हजार करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि खर्च करने का निर्णय लिया है।

इको टूरिज़्म फेयर

नई दिल्ली में हाल ही एशियन एडवेंचर की ओर से ग्लोबल वाइल्ड लाइफ व इको टूरिज्म फेयर 2025 का आयोजन किया गया। चलो चंबा अभियान इसका हिस्सा बना। इसमें चंबा की ओर से नाट आन मैप व एक्ट संस्था ने प्रतिनिधित्व किया। इस मेले में अपने–अपने क्षेत्रों में वन्यजीव अन्वेषण के लिए प्रसिद्ध 12 राज्यों और 19 देशों के प्रतिभागियों ने भाग लिया। अधिक ब्यौरे के साथ हमारे चंबा

कर्ण नंदा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा देशभर में आत्मनिर्भर भारत और हर घर स्वदेशी अभियान चलाया जा रहा है। प्रदेश भाजपा मीडिया संयोजक कर्ण नंदा ने कल शिमला जिला के कोटखाई में एक बैठक में ये जानकारी देते हुए बताया कि इस अभियान के तहत प्रदेशभर में केंद्र सरकार की नीतियों को जन–जन तक पहुंचाने के अलावा कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य हर नागरिक को स्वदेशी से जोड़ना है। उन्होंने कहा कि ये अभियान पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती 25 दिसम्बर तक चलेगा।

सुंदर ठाकुर

कुल्लू जिला में आज रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। विधायक सुंदर ठाकुर ने पत्रकार वार्ता को सम्बोधित करते हुए कहा कि क्षेत्रीय रोजगार कार्यालय की ओर से आयोजित इस रोजगार मेले में प्रदेशभर से एक हजार 5 सौ 22 युवाओं को रोजगार मिलेगा। उन्होंने बताया कि इसमें बड़ी–बड़ी 32 कंपनियां आ रही है और अकेली सीस कंपनी ही 300 युवाओं को रोजगार दे रही है जबकि आईटीआई के 600 युवाओं को रोजगार मिलेगा। रोजगार का क्षेत्र भी हिमाचल व चंडीगढ़ होगा। उन्होंने कहा कि इस रोजगार मेले में सभी युवाओं को भाग लेना चाहिए और अपना भविष्य बनाना चाहिए।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में आज भी धूप खिली हुई है। प्रदेश में इन दिनों धूप खिलने से मौसम सुहावना बना हुआ है। मौसम साफ रहने से प्रदेश के मैदानी इलाकों में जहां तापमान में बढ़ौतरी दर्ज की गई वहीं ऊंचाई वाले क्षेत्रों में सुबह व शाम के तापमान में हल्की गिरावट आई है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के वैज्ञानिक संदीप कुमार शर्मा ने बताया कि प्रदेश में आगामी 20 अक्तूबर तक मौसम साफ बना रहेगा।

और अब सुर्खियां समाचार पत्रों से.....

अमर उजाला ने प्रदेश हाईकोर्ट के हवाले से सुर्खी दी है मंदिर का धन देवता की संपत्ति, सरकार की नहीं, ट्रस्टी सिर्फ संरक्षक।

तारादेवी–शिमला रोपवे को एफसीए स्वीकृति शीर्षक से दैनिक जागरण लिखता है शिमला में बननी है विश्व की दूसरी व देश की सबसे बड़ी रोपवे परियोजना।

पंजाब केसरी मुख्यमंत्री के हवाले से लिखता है नेरचौक मेडिकल कॉलेज में इसी वर्ष शुरू होगी रोबोटिक सर्जरी। हिमाचल दस्तक के अनुसार सरकारी अस्पतालों में मेडिकल टेस्टों की ऑनलाइन होगी पेमेंट।

दिव्य हिमाचल की एक खबर है कब्जाधारियों को राहत–सर्वोच्च अदालत ने कब्जे अवैध घोषित करने के लिए हाईकोर्ट के आदेश पर लगाई रोक।

————————————